पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-10

मंगलवार, दिनांक-8 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 29 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 462 नगर विकास विभाग को स्थानान्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 468 प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को जाँच हेतु सुपूर्द ।

(vi) 05 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vii) 60 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

माननीय नेता विरोधी दल द्वारा प्रस्तुत कार्यमंत्रणा समिति के दिनांक 07.03.2011 को सम्पन्न हुई बैठक में लिए गए निर्णयों के प्रतिवेदन पर सदन की सहमति हुई ।

(3) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्री जितेन्द्र कुमार राय

(iii) श्री अवधेश कुमार राय

(iv) डा० उषा विद्यार्थी

(v) श्रीमती आशा देवी

(vi) श्रीमती भागीरथी देवी

(vii) श्रीमती रेणु देवी

(viii) श्रीमती पूनम देवी यादव

(ix) श्रीमती मुन्नी देवी

(4) **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार राय एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 07.03.2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं अन्य सभासदों के नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 17.03.2011 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iii) माननीय सदस्य डा० रणविजय कुमार एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य डा० रणविजय कुमार द्वारा पढ़ा गया और माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(5) **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा राज्य सूचना आयोग का वित्तीय वर्ष 2009-10 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा बिहार विशेष न्यायालय अधिनियम, 2009 की धारा-5(1) के अधीन निर्गत 18 घोषणा पत्र की प्रति को धारा-25 के तहत सदन के पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, पटना का वार्षिक लेखा वर्ष 2000-01, 2001-02, 2002-03, 2003-04, 2004-05 एवं 2005-06 की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) माननीय प्रभारी मंत्री अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग द्वारा बिहार राज्य वित्तीय निगम के वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2006-07 की प्रति को सदन पटेल पर रखा गया ।

(v) माननीय प्रभारी मंत्री अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग द्वारा बिहार राज्य वित्तीय निगम का 52वाँ वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2006-07 की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(vi) प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा द्वारा चतुर्दश बिहार विधान सभा के विशेषाधिकार समिति का प्रथम एवं तृतीय प्रतिवेदन की प्रति को बारी-बारी से सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 5.04 बजे अप० तक

(6) **वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:-**

जल संसाधन विभाग :-

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जल संसाधन विभाग की मांग पर राज्य सरकार की जल संसाधन नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री सत्यदेव सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री कृष्णनंदन पासवान

(iii) डा० प्रमोद कुमार सिंह

(iv) श्री शिवेश कुमार

(v) श्री पवन कुमार जायसवाल

(vi) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(vii) श्री प्रदीप कुमार

(viii)	श्री रत्नेश सादा	(ix)	श्री विनोद कुमार यादव
(x)	श्री दुर्गा प्रसाद सिंह	(xi)	श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xii) श्री अवधेश कुमार राय

माननीय प्रभारी मंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा जल संसाधन विभाग का अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(7) निवेदन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 11 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 09 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।